
# आँजणा समाज युवा महासभा ने की पाँच राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति

## संगठन को मिली नई दिशा, समाज हित से राष्ट्र हित तक कार्य करने का आह्वान


दयाराम चौधरी
गोवा प्रदेश अध्यक्ष


दयाराम चौधरी (जोधपुर)
राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष


पदम सिंह आँजणा किटिया
मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष


भूराराम चौधरी
जम्मू-कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष


हितेश भाई चौधरी (कुशकल)
गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

• जोधाणा एक्सप्रेस

**नई दिल्ली/जोधपुर।** अखिल भारतीय आँजणा समाज युवा महासंघ की अनुषंगी इकाई अंजना समाज युवा महासभा द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महासभा के पंजीकरण संख्या 389/17.03.2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहन लाल आँजणा (निंबाहेड़ा) के निर्देशानुसार विभिन्न राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय कार्यालय से जारी आदेश क्रमांक 01/कार्यालय/26 दिनांक 23 जनवरी 2026 के अनुसार, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष के पद पर हितेश भाई चौधरी (कुशकल), राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के पद पर दुर्गाराम चौधरी (जोधपुर), गोवा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर दयाराम चौधरी, जम्मू-कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भूराराम चौधरी तथा मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पदम सिंह आँजणा किटिया, महिदपुर की नियुक्ति की गई है।

राष्ट्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। नव नियुक्त पदाधिकारी संगठनात्मक मजबूती, रचनात्मक कार्यों और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज हित के साथ-साथ राष्ट्र हित को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहनलाल आँजणा ने कहा कि युवा शक्ति ही समाज की असली पूंजी है। प्रदेश स्तर पर सशक्त नेतृत्व मिलने से संगठन की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी और आँजणा समाज के युवाओं को एकजुट कर सामाजिक, शैक्षणिक व राष्ट्रनिर्माण से जुड़े कार्यों को गति दी जा सकेगी।

राष्ट्रीय महामंत्री भैराराम चौधरी (भूतपूर्व सैनिक) ने सभी नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की गरिमा और अनुशासन को बनाए रखते हुए समाज के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। अंत में महासभा की ओर से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई।

## एक नजर

### श्री रिक्तेश्वर भैरूनाथ मन्दिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**जोधाणा एक्सप्रेस ▪ जोधपुर।** किला रोड़ स्थित श्री रिक्तेश्वर भैरूनाथ मंदिर प्रांगण में श्री रिक्तेश्वर भैरुनाथ पर्यावरण एवं विकास ट्रस्ट एवं श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज सनकस एवं कश्यप गौत्रिय कुलदेवी विकास समिति व लॉयन्स क्लब जोधपुर मरूधरा एवं लॉयन्स क्लब इण्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई- 2 के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर (परामर्श एवं जाँच) 24 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित हुआ। समिति अध्यक्ष गणेश वल्लभ व्यास एवं नंदकिशोर ओझा ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. मयंकसिंह कॉर्डियोलोजी, डॉ. दिपांशु राव रेस्पिरेट्री, डॉ. शिवम् शर्मा ऑर्थोपेडीक द्वारा परामर्श सेवायें प्रदान की गई। समिति के हरिश ओझा एवं सुरेश ओझा ने बताया कि शिविर में लगभग 125 रोगियों की ई.सी.जी., ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पीएफटी बीएमडी एवं चेस्ट एक्स-रे इत्यादि की जांच की गई। राजकुमारी दवे ने बताया कि शिविर के समापन कार्यक्रम में समिति की ओर से सभी चिकित्सको एवं सेवार्थियो का माल्यार्पण कर मोमेंटो प्रदान किया गया।

# अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार, 1.47 लाख रुपए बरामद, अल्टो कार जब्त

• जोधाणा एक्सप्रेस

**जोधपुर।** झंवर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए एक अल्टो कार से 440 ग्राम ठोस अफीम और 1.47 लाख रुपए बरामद किए है। साथ ही कार जब्त कर दो तस्करों को पकड़ा है।

थानाधिकारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश व पुलिस उपायुक्त पश्चिम विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रोशन मीणा व सहायक पुलिस आयुक्त बोरानाड़ा रविन्द्र बोथरा के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत गांव जोलियाली जानादेसर, पुरखावास में गश्त करता हुआ चेतक प्रभारी एसआई गोविन्दसिंह मय जाप्ता पीपराली रोड मेलबा पहुंचा जहं एक अल्टो कार रोड किनारे खडी मिली जिसमे दो व्यक्ति बैठे थे। उन्हे चैक किया तो साइड की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पता मेलबा पुलिस थाना झंवर निवासी जितेन्द्रसिंह पुत्र पेपसिंह व चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पता डोली पुलिस थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा सुमेरराम पुत्र भानाराम बिश्नोई होना बताया। दोनों को चैक किया तो जितेन्द्रसिंह के पास एक प्लास्टिक की थैली अफीम व 1.47 लाख रुपए मिले। पुलिस टीम ने कार, अफीम व नगदी जब्त कर दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया।

# वंडर सीमेंट राजस्थान सरकार के ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित

• जोधाणा एक्सप्रेस

**निंबाहेड़ा।** वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा को राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा सीमेंट उद्योग श्रेणी में प्रतिष्ठित राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन ने वंडर सीमेंट के सहायक उपाध्यक्ष मदन मोहन माहेश्वरी एवं पीयूष जोशी सहित कम्पनी के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों हेतु जयपुर में आयोजित समारोह के दौरान राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजिताभ शर्मा (आईएएस) द्वारा यह पुरस्कार वंडर सीमेंट को प्रदान किया गया। युनिट हेड जैन ने यह अवॉर्ड वंडर सीमेंट के सभी कर्मचारियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान कम्पनी द्वारा आधुनिकीकरण एवं नवाचारों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के प्रति किये गये उल्लेखनीय कार्यों का परिणाम है। इन प्रयासों से बिजली की खपत में कमी आई है, जो ऊर्जा संरक्षण, स्थिरता और संचालन उत्कृष्टता के प्रति वंडर सीमेंट की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



यह प्रगति ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कुशल प्रौद्योगिकियों को शामिल करने, आवश्यक संयंत्र उपकरणों को बेहतर करने, नई नियंत्रण प्रणालियों को स्थापित करने और ऊर्जा उपयोग की निरंतर देख-रेख से संभव हो पायी है। इन सभी प्रयासों से ऊर्जा की खपत कम हुई है और कंपनी का पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम हुआ है।

## साहित्यिक व सम्भावना संस्था द्वारा ज्ञानदीप पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**जोधाणा एक्सप्रेस ▪ जोधपुर।** 'कविताओं में ज्ञान का दीप जल रहा है' क्योंकि एक शिक्षक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते लेखिका ने पुस्तकों के साथ-साथ जीवन के पाठ भी पढे और पढ़ायें हैं ये पंक्तियां महिलाओं की साहित्यिक संस्था संभावना द्वारा आयोजित सुशीला भंडारी के काव्य संग्रह ज्ञान दीप के विमोचन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर पद्मजा शर्मा ने कही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यदेव सवितेंद्र कहा कि अपने परिवेश को पढ़कर लिखने वाले साहित्यकार ही कालजई रचनाकार होते हैं आज लेखक के सामने अनेक चुनौतियां हैं जिन पर वह खरा उतरकर ही भावी पीढ़ी को कुछ दे सकता है विशिष्ट अतिथि प्रो चंद्रा सदायत ने शिक्षा और साहित्य का समाज में महत्व बताया और कहा कि सुशीला भंडारी की कविताएं कई प्रश्न खड़े करती हैं और समाधान भी देती है डॉ. अंजना चौधरी ने अपने पत्र वाचन में काव्य संग्रह का विश्लेषण किया लेखिका सुशीला भंडारी ने अपनी जीवन यात्रा और सृजन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए अपने परिवार को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा रिश्तों को बचाना एक बड़ी जिम्मेदारी बताया संभावना की अध्यक्ष बसंती पवार ने अतिथियों का भाव भरा स्वागत किया और संरक्षक डॉक्टर चांद कौर जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन मंजू शर्मा 'मनि 'ने किया कार्यक्रम में डॉक्टर कमल मोहनोत, नीना छिब्बर, खेमकरण लालस, रेणुका, श्री वास्तव, निम्बावत, भावेंद्र शरद जैन आदि के साथ शहर के जाने-माने साहित्यकार साहित्य प्रेमी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वदेशी मेला-2026 में 500 महिलाओं के भव्य घूमर ने मोहा जोधपुर

• जोधाणा एक्सप्रेस

**जोधपुर।** स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलम्बी भारत अभियान एवं स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान, जोधपुर में आयोजित स्वदेशी मेला-2026 में शनिवार सायं जोधपुरवासियों को राजस्थान की समृद्ध लोकसंस्कृति का भव्य दर्शन हुआ। सायं 6 बजे आयोजित कार्यक्रम में लगभग 500 महिलाओं द्वारा एक साथ प्रस्तुत किया गया सामूहिक घूमर नृत्य मेले का मुख्य आकर्षण रहा।

प्रान्त मेला संयोजक कमलेश गहलोत ने बताया कि प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल व्यवसायी रामकिशन चौहान ने मेला स्थल का अवलोकन कर स्वदेशी प्रयासों की सराहना की। घूमर नृत्य कार्यक्रम मदन कुमारी बिश्नोई के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि इस भव्य प्रस्तुति के लिए प्रतिभागी महिलाओं ने विगत तीन दिनों से नियमित अभ्यास किया था।

गहलोत ने बताया कि भारतीय संस्कृति को पुनः जीवंत करने के उद्देश्य से स्वदेशी मेले में इस प्रकार के




सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान की मूल लोकसंस्कृति से जुड़े इस आयोजन में महिलाओं के साथ-साथ छोटी बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। यह संपूर्ण कार्यक्रम नृत्य प्रशिक्षिकाओं चंद्रा सोलंकी, रश्मि चौहान, दीपिका रहिया, चेतना जैन, भगवती शर्मा एवं शुभ्रदा राजपुरोहित के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन कुमारी बिश्नोई ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है। सामूहिक नृत्य महिला-शक्ति के प्रदर्शन का सशक्त माध्यम है। आज महिलाएं केवल अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी हैं, जिसका जीवंत उदाहरण ऐसे कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। जब महिलाएं घर से बाहर निकलकर सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेती हैं, तो यह समाज के लिए गर्व का विषय होता है। मेला स्थल पर अतिथियों के आगमन पर स्वावलम्बी भारत अभियान के क्षेत्र संयोजक अनिल वर्मा, डॉ. अमित व्यास, राधेश्याम बंसल, विकास खिलेरी एवं रोहितांश पटेल द्वारा साफा एवं दुपट्टा पहनाकर पारंपरिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के रोहिताश पटेल, दिनेश गौड़, तरुण बोहरा, जितेन्द्र मेहरा, मुकेश शर्मा, नितेश जैन, सत्येन्द्र, राजेन्द्र मेहरा, मनोहर सिंह चारण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**आज के कार्यक्रम** - स्वदेशी मेला-2026 के अंतर्गत आज केंद्रीय पंडाल में अपराह्न 4:30 बजे इंडियन जियो-टेक्निकल सोसायटी, जोधपुर चैप्टर, एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज एवं विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार में डॉ. प्रमोद राजमान्य मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अशोक माथुर, विपुल कोचर, डॉ. दिनेश कुमार पेडीवाल एवं अभिषेक आर्या द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आज दोपहर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें जोधपुर की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग लेंगी।

## हादसे के बाद कार से उतरकर भागने वाला एक और आरोपी दस्तयाब

**जोधाणा एक्सप्रेस ▪ जोधपुर।** शहर के फुलेराव चौराहा के पास शुक्रवार अलसुबह कार चालक की लापरवाही से स्कूटी सवार दो युवक उछल कर गिर गए थे। एक की दर्दनाक मौत हो गई थी और उसका साथी बुरी तरह घायल हो गया था। घायल युवक को आज अहमदाबाद रैफर कर दिया गया। वहीं कार से उतर कर भागे दो में से एक युवक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कार चालक को भी कोर्ट में पेश किया गया। महामंदिर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि शुक्रवार अलसुबह चार बजे के आसपास हाईस्पीड कार के चालक ने फुलेराव चौराहा के पासस्कूटी सवार दो युवकों चपेट में ले लिया था। जिससे उस पर सवार मोहम्मद अमान की दर्दनाक मौत हो गई थी और उसके साथ बैठा रेहान उर्फ नानू बुरी तरह घायल हो गया था। थानाधिकारी देवड़ा ने बताया कि आरोपी स्वीफ्ट कार चालक माता का थान निवासी रवि चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया था।जबकि कार से उतर कर उसके दो साथी राहुल पंचारिया और भरत भाग गए थे। शनिवार को राहुल पंचारिया को दस्तयाब कर लिया गया। रेहान को उपचार के लिए अहमदाबाद रैफर किया गया है।

## डॉ. मनीष उत्कृष्ट जनसपंर्क कार्यों के लिए सम्मानित




**जोधाणा एक्सप्रेस ▪ जोधपुर।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के फाउंडेशन डे के मौके पर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा को संस्थान के प्रचार-प्रसार और उत्कृष्ट जनसम्पर्क कार्यों के लिए सम्मानित किया गयाद्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल एवीएस राठी ने स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर डॉ. मनीष को सम्मानित कियाद्य इस मौके पर निफ्ट जोधपुर के निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने डॉ. मनीष के द्वारा संस्थान के हित में किये गए जनसम्पर्क कार्यों की सराहना की।

Godrej Finance Limited
Godrej | FINANCE
A Godrej Capital Company

**सार्वजनिक सूचना**

**भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 के पैरा 11 और भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – उत्तरदायी व्यावसायिक आचरण) निर्देश, 2025 के पैरा 102 के अंतर्गत 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना**

**गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे आगे "कंपनी" अथवा "जीएफएल" कहा गया है) कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) है और यह भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत (सीओआर सं.: 13.00368) है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई – 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी परिचालन कारणों से इस सूचना की तिथि से 3 महीने के भीतर मानक कोवर्किंग स्पेस, दूसरी मंजिल, न्यू पावर हाउस के सामने, एसबीआई बैंक के ऊपर, काजरी रोड, जोधपुर – 342001, राजस्थान पर स्थित अपनी शाखा कार्यालय को यूनिट नंबर 301, तीसरी मंजिल, सोलिटेयर बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 115/3, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, सेंट पैट्रिक स्कूल के पास, जोधपुर – 342001, राजस्थान पर स्थानांतरित करेगी।

ग्राहकों अपनी पूछताछ के लिए customercare@godrejcapital.com पर संपर्क कर सकते हैं।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की स्पष्टीकरण अथवा पूछताछ इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर, मुख्य अनुपालन अधिकारी, श्री योगेश जैन को भेजें या gfl.compliance@godrejfinance.com पर संपर्क करें।

स्थान: जोधपुर
तिथि: 25/01/2026
हस्ताक्षरित/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

# संसदीय कार्य मंत्री ने 39 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की

• जोधाणा एक्सप्रेस

**जोधपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरानाडा में साइकिल वितरण समारोह शनिवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गार्गी पुरस्कार सहित विभिन्न बालिका योजनाओं के तहत प्रदेश की लगभग 3 लाख से अधिक बालिकाओं को 126 करोड़ 81 लाख रुपये की राशि डीबीटी की। सत्र 2025-26 में 4 लाख 40 हजार पात्र विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना के अंतर्गत लगभग 53 करोड़ रुपये की राशि भी डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। पटेल ने कहा राष्ट्र की उन्नति के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। बच्चे भारत का भविष्य है इनके सर्वांगीण विकास से ही विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा। पटेल ने कहा शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और



सामाजिक जिम्मेदारी का समावेश आवश्यक है। परिवार, समाज और विद्यालय बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास कर अच्छे नागरिक बनाएं।

प्रधानाचार्य राजेश यादव ने बताया कि गार्गी पुरस्कार के लिए गत वर्ष इस विद्यालय की 14 और इस वर्ष 12 बालिकाओं का चयन हुआ है। उन्होंने बताया ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना के तहत 1 लाख 54 हजार रूपये छात्रों के बैंक खातों में जमा हो गए हैं। कार्यक्रम में 39 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य चैनाराम पटेल, पं. स. सदस्य श्रवणराम, छोटू सिंह राठौड़, गुमानराम देवासी, श्रवण पटेल, जितेन्द्र सिंह भांडू, खींवराज जांगिड़, गिरधारीलाल, भगवती सांखला, भल्लाराम पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह का किया अंतिम पूर्वाभ्यास

**जोधाणा एक्सप्रेस ▪ जोधपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा समारोह की सभी व्यवस्थाओं की सूक्ष्मता से समीक्षा करते हुए कार्यक्रम के प्रत्येक घटक का क्रमबद्ध अभ्यास कराया गया, ताकि आयोजन गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसके पश्चात वे परेड की सलामी ग्रहण करेंगे तथा विभिन्न टुकडियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट का निरीक्षण करेंगे। परेड में फर्स्ट आरएसी, पुलिस कमिश्नरेट, पुलिस कमिश्नरेट महिला, पुलिस कमिश्नरेट कलिका, होमगार्ड पुरुष एवं महिला, स्काउट, एनसीसी तथा गाइड की टुकडियां सहभागिता करेंगी। इस अवसर पर पुलिस बैंड एवं राजमाता कृष्णा कुमारी बालिका विद्यालय बैंड द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत मधुर धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) ओम सिंह राजपुरोहित एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल व्यास के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक व्यायाम, लेजियम, डबल्स एवं सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का संबोधन, उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्रों का वितरण तथा राज्यपाल के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करती विभागीय झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।